Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Demand to allocate funds to compensate farmers who lost their crops due to heavy rains in Maharashtra Fund Allocation, Natural Calamities, Crop Damage.

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती): सर, महाराष्ट्र में इस साल फसलों का काफी नुकसान हुआ है । वहाँ इस बार बहुत बारिश हुई है । हमारे किसान हॉर्टीकल्चर का काम बहुत मेहनत से करते हैं । चाहे फल हो, फूल हो, हमारे किसान बहुत मेहनत करके दो पैसे अपने घर लेकर जाते हैं । इस खराब मौसम के कारण उनकी फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है । महाराष्ट्र में ऐसी 25 हजार हेक्टेयर जमीन है, जहाँ बारिश के कारण फसलों का बहुत नुकसान हुआ है । मेरी केन्द्र सरकार से विनती है कि जो नेशनल रिलीफ फंड है, अगर उसमें से थोड़ी मदद महाराष्ट्र के किसानों को दी जाए तो बहुत अच्छा रहेगा । इसके लिए महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्र सरकार को खत भी लिखा है । मेरी भी केन्द्र सरकार से विनती है कि हमारे किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाए ।